# BSEB VVI SUBJECTIVE GUESS QUESTION 2022

| HINDI | हिन्दी | CLASS 10 |
|---|---|---|

## SECTION–B विषयनिष्ठ प्रश्न 50 Marks

### B-1 साहित्यिक एवं वर्णनात्मक (10 अंक स्तरीय)

**निर्देश :** इस खंड में दो गद्यांश दिये जाएँगे। प्रत्येक गद्यांश के लिए 10 अंक निर्धारित है एवं प्रत्येक गद्यांश से पाँच प्रश्न पूछे जाएँगे।

**1.** एक बार वेनिस नगर की यात्रा करते हुए गैलीलियो ने सुना कि हालैण्ड में किसी व्यक्ति ने कोई नई खोज की है। वह व्यक्ति हालैण्ड का चश्मे की शीशे बनानेवाला कोई व्यापारी था। एक दिन दुकान पर चश्मा बनाते समय उसने देखा कि नतोदर और उन्नतोदर तलों (लैंसों) को जोड़कर यदि आँख के सामने रखा जाए, तो दूर की वस्तुएँ बहुत समीपस्थ दिखाई पड़ती हैं। गैलीलियो के लिए इतना जान लेना पर्याप्त था। उसने स्वयं इस सम्बन्ध में कुछ प्रयास आरंभ कर दिए। उसने शीशों में विभिन्न परिवर्तन करके उन्हें एक नली में इस ढंग से लगा दिया कि उनमें से देखने से दूर की वस्तुएँ काफी बड़ी और समीपस्थ दिखाई पड़ने लगीं। इस यंत्र को दूरबीन नाम दिया। 21 अगस्त, 1960 ई० को गैलीलियो ने पहली बार दूरबीन तैयार की। 'सितारों को संदेश' नामक पुस्तक में दूरबीन की खोज की कहानी लिखी। उसी के शब्दों में–''कुछ महीने पहले समाचार मिला कि हालैंड निवासी एक व्यक्ति के द्वारा ऐसा शीशा बनाया गया है, जिससे दूर की वस्तुएँ नजदीक दिखाई पड़ती हैं। मैं स्वयं भी ऐसे यंत्र के निर्माण में लग गया। मैंने एक नली बनाई और उसके दोनों सिरों पर एक–एक शीशा लगाया। उनमें एक कानकेव लैंस था और दूसरा कानवेक्स। इसके बाद मैंने उसी नली के सिरे पर आँख रखकर नली में से होकर आनेवाली वस्तुओं की आकृति को देखा। नली के माध्यम से वस्तुएँ मुझे एक–तिहाई दूरी पर और तीन गुना बड़ी दिखाई दीं। फिर मैंने दूसरी बड़ी दूरबीन बनाई। इसमें से दूर की वस्तुएँ लगभग एक हजार गुना बड़ी और तीस गुना नजदीक दिखाई देने लगी।

प्रश्न : (क) गैलीलियो को दूरबीन बनाने की प्रेरणा कहाँ से मिली?
(ख) दो प्रकार के ताल (लैंस) कौन–कौन से होते हैं?
(ग) गैलीलियो की पहली दूरबीन में क्या–क्या गुण था?
(घ) दूसरी दूरबीन की शक्ति पहली दूरबीन से कितनी अधिक थी?
(ङ) गैलीलियो की किस पुस्तक का नाम इस गद्यांश में लिया गया है?

**2.** अंग्रेजी सेनाध्यक्षों में क्लाइव का बहुत ऊँचा स्थान था। उसमें अदम्य उत्साह और वीरता के गुण थे। वह दयालु, गंभीर तथा कुशल राजनीतिज्ञ था। वह कभी कठिनाइयों से नहीं घबराता था और जी तोड़ परिश्रम करता था। इंग्लैण्ड में उसके शत्रुओं ने उसके विरुद्ध एक लड़ाई छेड़ी, जिसमें उस पर बेईमानी का आरोप लगाया था। यद्यपि वहाँ की संसद ने उसे इस आरोप से मुक्त कर निर्दोष घोषित कर दिया, तथापि वह सर्वथा निर्दोष हो ऐसा नहीं माना जा

सकता। जहाँ तक इंग्लैण्ड के प्रति की गई उसकी महान सेवाओं का प्रश्न है, वहाँ तक तो सब ठीक है, परन्तु 'उसने भारत में अंग्रेजी राज्य की स्थापना की' इस हेतु मात्र से ही उसे दोषहीन बताया जाना सर्वथा अनुचित है। कारण यह है कि उसमें नैतिक कमजोरियाँ बहुत ही अधिक थी। अपने देश के लिए अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए नीच से नीच कार्य करने से भी नहीं चूकता था। अमीचंद के साथ की गई धोखेबाजी और मीर जाफर के साथ किया गया उसका बेईमानी से भरा व्यवहार अक्षम्य है। उसके दुर्गुण का अनुकरण उसके कर्मचारियों ने भी किया, परिणामस्वरूप ब्रिटिश इण्डिया कम्पनी में भ्रष्टाचार का बोल-बाला बढ़ गया।

प्रश्न : (क) क्लाईव कौन था, उसमें कौन-कौन गुण थे?
(ख) उसे बेईमान कौन सिद्ध करना चाहता था?
(ग) इंग्लैण्ड की संसद ने उसे निर्दोष क्यों घोषित किया?
(घ) उसके तीन नैतिक कमजोरियों का संकेत दीजिए।
(ङ) उसकी इन कमजोरियों का क्या परिणाम निकला?

**3.** वीर कुँवर सिंह का जन्म भोजपुर (आरा) जिला के जमदीशपुर गाँव में सन् 1782 ई० में हुआ था। इनके पिता का नाम साहबजादा सिंह तथा माता का नाम पंचरतन कुँवर था। उनके पिता जगदीशपुर रियासत के जमींदार थे। कुँवर सिंह की शिक्षा की व्यवस्था उनके पिता ने घर पर ही की थी जहाँ उन्होंने संस्कृत के अलावा फारसी भी सीखी, परन्तु बाबू कुँवर सिंह ने अपने पिता की मृत्यु के पश्चात् 1827 ई० में अपनी रियासत की जिम्मेदारी सम्भाली। उन दिनों ब्रिटिश हुकूमत का अत्याचार परम पर था। इस अत्याचार का विरोध तथा इस व्यवस्था को बदलने का संकल्प बाबू कुँवर सिंह ने मन ही मन ले लिया और उस दिन की प्रतीक्षा करने लगे, जब उन्हें अंग्रेजों से लोहा लेने का सही वक्त मिलेगा।

प्रश्न : (क) वीर कुँवर सिंह का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
(ख) इनके माता-पिता का क्या नाम था?
(ग) इनके पिता किस रियासत के जमींदार थे?
(घ) घर की शिक्षा व्यवस्था से इन्होंने कौन-कौन भाषाएँ सीखीं?
(ङ) कुँवर सिंह का मन किस चीज में लगता था?

**4.** विश्वलिपि के रूप में स्वीकार किये जाने की दृष्टि से सबसे अधिक गुण संभवत: देवनागरी लिपि में ही मिल सकते हैं। इस तथ्य पर सबसे अधिक चिंतन आचार्य विनोबा भावे का रहा है, जिन्होंने देवनागरी लिपि को न केवल इस देश की विभिन्न भाषाओं के लिए उपयोगी बताया था, बल्कि पड़ोसी देशों और विश्व की अन्य भाषाओं के लिए भी सुविधाजनक माना था। भारतीय भाषाओं की लिपियों के संबंध उनका कहना था-"हिन्दुस्तान की एकता के लिए हिन्दी भाषा जितना काम करेगी, उससे कहीं अधिक काम देवनागरी लिपि कर देगी। इसलिए मैं चहता हूँ कि हिन्दुस्तान की समस्त भाषाएँ देवनागरी में ही लिखी जाएँ, देवनागरी लिपि सब भाषाओं में चले। इसका मतलब दूसरी लिपियों का निषेध नहीं हैं। दोनों लिपियाँ साथ चलेंगी।" विनोबा जी चाहते थे कि सभी भारतीय भाषाएँ अपनी-अपनी लिपियों के साथ-साथ वैकल्पिक लिपि के रूप में देवनागरी का भी प्रयोग करें। इससे देश की भाषाई एकता में सहायता मिलेगी। वे चाहते थे कि देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता और सरलता को देखते हुए यदि पड़ोसी देश भी इस लिपि का प्रयोग करें, तो अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव ना में अवश्य वृद्धि होगी।

प्रश्न : (क) विश्वलिपि के अनुसार सबसे अधिक गुण किस लिपि में हैं?
(ख) देवनागरी लिपि के संबंध में विनोबा भावे ने क्या कहा था?
(ग) विनोबा भावे क्या चाहते थे?
(घ) संपूर्ण देश में देवनागरी के प्रयोग से क्या लाभ था?
(ङ) देवनागरी लिपि का प्रयोग पड़ोसी देशों में होने से क्या लाभ होगा?

## B-2 निबंध-लेखन (10 अंक स्तरीय)

**निर्देश :** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250-300 शब्दों में निबंध लिखें :

1. जंगल 2. साम्प्रदायिक सद्भाव 3. हमारे पड़ोसी 4. बेकारी की समस्या/बेरोजगारी की समस्या 5. छात्र और शिष्टाचार 6. आतंकवाद 7. महँगाई या बढ़ती महँगाई 8. मेरे प्रिय कवि : तुलसीदास 9. स्वाधीनता दिवस : 15 अगस्त 10. वसंत ऋतु 11. दुर्गा पूजा 12. राष्ट्रीय एकता **अथवा, भारतीय एकता** 13. नारी-शिक्षा : नारी शक्ति 14. देशसेवा : देशभक्ति : देशप्रेम : समाज-सेवा 15. दहेज : एक सामाजिक कलंक या, दहेज-प्रथा-एक अभिशाप 16. समय का सदुपयोग/महत्ता 17. देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद/मेरे प्रिय नेता 18. स्वच्छता/स्वास्थ्य और व्यायाम 19. ईद/ईद-उल-फितर 20. भ्रष्टाचार 21. गरीबी 22. संचार क्रांति 23. अनुशासन 24. भ्रमण का महत्व 25. हमारा देश : भारतवर्ष 26. भारतीय नारी 27. मेरा प्रिय खेल 28. प्रदूषण 29. होली 30. वृक्षारोपण

## B-3 पत्र-लेखन (5 अंक स्तरीय)

**निर्देश :** दिए गए (औपचारिक या अनौपचारिक) विषयों पर, इसके अथवा में संवाद लेखन से संबंधित प्रश्न पूछे जाएँगे।

### संवाद-लेखन

**1.** इलाज कराने के लिए छुट्टी हेतु प्रधानाध्यापक के पास आवेदन पत्र लिखें।

**2.** प्रधानाध्यापक के पास परीक्षा शुल्क माफी के लिए आवेदन पत्र लिखें।

**3.** छात्रावास में स्थान देने के लिए प्रधानाध्यापक के पास आवेदन लिखें।

**4.** अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को अवकाश के लिए आवेदन-पत्र लिखिए।
अथवा, अपने प्रधानाध्यापक को पाँच दिनों की छुट्टी के लिये आवेदन लिखें।

**5.** मुहल्ले में फैले डेंगू के प्रकोप से बचाने के लिए नगरपालिका के मेयर के पास समुचित उपाय करने के लिए एक आवेदन पत्र लिखें।

**6.** मुहल्ले की सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए नगरपालिका के मेयर के पास एक आवेदन पत्र लिखें।

**7.** अपने मित्र के पास पत्र लिखें जिसमें चिड़ियाँखाना भ्रमण का वर्णन हो।

**8.** पिताजी को पत्र लिखकर छात्रावास का अनुभव बताएँ।

**9.** अपने छोटे भाई के पास अध्ययन पर विशेष ध्यान देने के लिए पत्र लिखें।
अथवा, अपने छोटे भाई को 'वन टू टेन' में स्थान पाने के लिए प्रेरक पत्र लिखें।

10. बोर्ड परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए अपने मित्र के पास एक पत्र लिखें।
11. अपने मित्र के पास एक पत्र लिखें जिसमें विद्यालय में आयोजित की गई विज्ञान प्रदर्शनी का वर्णन हो।
12. सत्संगति का महत्व बताते हुए एक पत्र अपने मित्र को लिखें।
13. पैसे के लिए अपने पिता के पास एक पत्र लिखिए।

### संवाद-लेखन

1. सब्जीवाले और ग्राहिका या ग्राहक के बीच महँगाई संबंधी संवाद लिखें।
2. डॉक्टर एवं रोगी के बीच संवाद लिखें।
3. जनसंख्या विस्फोट के परिणाम पर दो छात्रों के बीच संवाद लिखिए।
4. प्रदूषण की समस्या को केन्द्र में रखते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लिखें।

## B-4 लघु उत्तरीय प्रश्न (2 अंक स्तरीय)

### गद्य-खंड

**निर्देश:** 8 प्रश्न (गद्य, काव्य से) पूछे जाएँगे। जिसमें 5 का उत्तर देना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

### 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा'

1. लेखक के अनुसार आदर्श समाज में किस प्रकार की गतिशीलता होनी चाहिए?
2. जाति प्रथा स्वाभाविक विभाजन नहीं है। क्यों?
3. भीमराव अंबेदकर किस विडम्बना की बात करते हैं?

### 'विष के दाँत'

1. काशू और मदन के बीच झगड़े का क्या कारण था? इस प्रसंग द्वारा लेखक क्या दिखलाना चाहता है?

### 'भारत से हम क्या सीखें'

1. मैक्समूलर की दृष्टि में सच्चे भारत के दर्शन कहाँ हो सकते हैं और क्यों?

### 'नाखून क्यों बढ़ते हैं'

1. बढ़ते नाखूनों द्वारा प्रकृति मनुष्य को क्या याद दिलाती है?
2. लेखक द्वारा नाखूनों को अस्त्र के रूप में देखना कहाँ तक संगत है?
3. लेखक क्यों पूछता है कि मनुष्य किस ओर बढ़ रहा है? पशुता की ओर या मनुष्यता की ओर? स्पष्ट करें।
4. 'स्वाधीनता' शब्द की सार्थकता लेखक क्या बताता है?
5. मनुष्य बार-बार नाखूनों को क्यों काटता है?

### 'नागरी लिपि'

1. देवनागरी में कौन-सी भाषाएँ लिखी जाती हैं?
2. देवनागरी लिपि के अक्षरों में स्थिरता कैसे आई?
3. लेखक ने पटना से नागरी का क्या संबंध बताया है?
4. गुर्जर प्रतिहार कौन थे?

### 'बहादुर'

1. अपने शब्दों में पहली बार दिखे बहादुर का वर्णन करें।
2. बहादुर के चले जाने पर सबको पछतावा क्यों होता है?
3. किन कारणों से बहादुर ने एक दिन लेखक का घर छोड़ दिया?
4. बहादुर अपने घर से क्यों भागा था?
5. लेखक को क्यों लगता है कि नौकर रखना बहुत जरूरी हो गया था?

### 'परंपरा का मूल्यांकन'

1. परम्परा ज्ञान किनके लिए आवश्यक है और क्यों?
2. साहित्य का कौन-सा पक्ष अपेक्षाकृत स्थायी होता है? इस संबंध में लेखक की राय स्पष्ट करें।
3. साहित्य के निर्माण में प्रतिभा की भूमिका को स्वीकार करते हुए लेखक किन खतरों से आगाह करता है?
4. लेखक के अनुसार सफलता और चरितार्थता क्या है?
5. लेखक ने नया सिकंदर किसे कहा है और क्यों?

### 'जित-जित मैं निरखत हूँ'

1. बिरजू महाराज अपना सबसे बड़ा जज अपनी माँ को क्यों मानते थे?
2. बिरजू महाराज कौन-कौन से वाद्य बजाते हैं?
3. बिरजू महाराज के गुरु कौन थे? उनका संक्षिप्त परिचय दें।
4. बिरजू महाराज का अपने शागिर्दों के बारे में क्या राय है?

### 'आविन्यों'

1. अशोक वाजपेयी को नदी तट पर बैठे क्या अनुभव होता है?

### 'मछली'

1. संतू मछली लेकर क्यों भागा?
2. मछली और दीदी में क्या समानता दिखलाई पड़ी? स्पष्ट करें।
3. मछली को छूते हुए संतु क्यों हिचक रहा था?

### 'नौबतखाने में इबादत'

1. डुमराँव की महत्ता किस कारण से है?
2. 'बिस्मिल्ला खँ का मतलब-बिस्मिल्ला खाँ' की शहनाई एक कलाकार के रूप में बिस्मिल्ला खाँ का परिचय पठित पाठ के आधार पर दें।

### 'शिक्षा और संस्कृति'

1. शिक्षा का ध्येय गाँधीजी क्या मानते थे और क्यों?
   अथवा, गाँधी जी के अनुसार शिक्षा का जरूरी अंग क्या होना चाहिए?

## पद्य-खंड

### 'राम बिनु बिरथे'.....

1. गुरुनानक की दृष्टि में ब्रह्म का निवास कहाँ है?
2. कवि किसके बिना जगत् में यह जन्म व्यर्थ मानता है?
3. वाणी कब विष के समान हो जाती है?
4. हरिरस से कवि का क्या आशय है?

### प्रेम अयनि श्री राधिके

1. गुरु की कृपा से किस युक्ति की पहचान हो पाती है?

### 'अति सूधो सनेह का मारग है'....

1. 'मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं' से कवि का क्या तात्पर्य है?
2. घनानन्द के अनुसार परहित के लिए देह धारण कौन करता है?
3. कवि कहाँ अपने आँसुओं को पहुँचाना चाहता है और क्यों?
4. कवि ने परजन्य किसे कहा है और क्यों?

### 'स्वदेशी'

1. कवि प्रेमघन को भारत में भारतीयता क्यों नहीं दिखाई पड़ती?
2. कवि ने 'डफाली' किसे कहा है और क्यों?
3. 'स्वदेशी' शीर्षक कविता में कवि समाज के किस वर्ग की आलोचना करता है और क्यों?

### 'भारतमाता'........

1. कवि ने जनता को 'दूधमुँही' क्यों कहा है?
2. भारतमाता अपने ही घर में प्रवासिनी क्यों बनी हुई है?
3. भारतमाता का ह्रास भी राहुग्रसित क्यों दिखाई पड़ता है?

### 'जनतंत्र का जन्म' .....

1. कविवर दिनकर ने जनता के स्वप्न का किस तरह चित्र खींचा है?
2. 'देवता मिलेंगे खेतों में खलिहानों में' पंक्ति के माध्यम से कवि किस देवता की बात करता है और क्यों?

### 'हिरोशिमा'

1. 'हिरोशिमा' कविता से हमें क्या सीख मिलती है?

### 'एक वृक्ष की हत्या'

1. कविता का समापन करते हुए कवि अपने किन-किन अंदेशों का जिक्र करता है और क्यों?
2. वृक्ष और कवि में क्या संवाद होता है?

### 'हमारी नींद'

1. 'हमारी नींद' कविता किस प्रकार के जीवन का चित्रण करती है?

### 'अक्षर-ज्ञान'

1. बेटे के आँसू कब आते हैं और क्यों? या सृष्टि-विकास की कथा क्या है?
2. कविता में 'क' का विवरण स्पष्ट करें।

### लौटकर आउँगा फिर

1. कवि अगले जीवन में क्या-क्या बनने की संभावना व्यक्त करता है?

### 'मेरे बिना तुम प्रभु'

1. कवि रेनर मारिया रिल्के को किस बात की आशंका है? स्पष्ट कीजिए।
2. कवि अपने को जलपात्र और मदिरा क्यों कहता है?
3. शानदार लबादा किसका गिर जाएगा और क्यों?

# वर्णिका ( पूरक पाठ )

## दही वाली मंगम्मा

1. मंगम्मा का अपनी बहू के साथ किस बात को लेकर विवाद था ?
2. मंगम्मा ने अपना 'धरम' नहीं छोड़ा, कैसे?

## माँ

1. मंगु जिस अस्पताल में भर्ती कराया जाता है उसके कर्मचारी व्यवहार कुशल हैं या संवेदनशील विचार करें।
2. मंगु की माँ उसे अस्पताल में क्यों नहीं भर्ती कराना चाहती थी?

## नगर

1. बड़े डॉक्टर पाप्पाति के बारे में पूछताछ क्यों कर रहे थे ?

## धरती कब तक घूमेगी

1. सीता को अपने ही घर में घुटन क्यों महसूस होती है ?
2. 'धरती कब तक घूमेगी' कहानी का उद्देश्य क्या है ?
3. सीता की स्थिति बच्चों के किस खेल से मिलती-जुलती थी?

## ढहते विश्वास

1. लक्ष्मी कौन थी?
2. लक्ष्मी ने अपने पुत्र को किस कार्य के लिए भेज दिया था?

# B-5 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (5 अंक स्तरीय)

## गद्य-खंड

**निर्देश :** दीर्घ उत्तरीय 1 प्रश्न जिसका अथवा (गद्य, काव्य एवं वर्णिका) भी होगा, जिसमें किसी 1 का उत्तर देना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

## 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा'

1. भीमराव अम्बेदकर ने आधुनिक श्रम-विभाजन और जाति-प्रथा के अन्तर को किस प्रकार स्पष्ट किया है ?
   अथवा, 'श्रम-विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ का सारांश लिखें।
2. जाति भारतीय समाज में श्रम विभाजन का स्वाभाविक रूप क्यों नहीं कही जा सकती ?
   अथवा, जाति के आधार पर श्रम-विभाजन अस्वाभाविक है। कैसे ?
3. जाति-प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख और प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है। कैसे ?
   अथवा, जाति-प्रथा के दूषित सिद्धांत क्या हैं ?
4. सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए भीमराव अम्बेदकर ने किन विशेषताओं को आवश्यक माना है ?

## 'विष के दाँत'

1. 'विष के दाँत' कहानी में सामाजिक समानता और मानवाधिकार की बानगी है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।
   अथवा, 'विष के दाँत' कहानी का सारांश लिखें।

2. काशू और मदन के बीच झगड़ों का कारण क्या था? इस प्रसंग के द्वारा लेखक क्या दिखाना चाहता है?
3. 'विष के दाँत' कहानी का नायक कौन है? स्पष्ट कीजिए।
4. खोखा (काशू) का चरित्र-चित्रण करें। खोखा किन मामलों में अपवाद था?
5. 'विष के दाँत' शीर्षक कहानी की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।
6. लड़कियाँ क्या हैं, कठपुतलियाँ हैं और उनके माता-पिता को इस बात का गर्व है—सप्रसंग व्याख्या करें।

### 'भारत से हम क्या सीखें'

1. भारत किस तरह अतीत और सुदूर भविष्य को जोड़ता है? स्पष्ट करें। पठित पाठ के आधार पर सिद्ध करें।
2. लेखक ने नया सिकंदर किसे कहा है? ऐसा कहना क्या उचित है? लेखक का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

### 'नाखून क्यों बढ़ते हैं'

1. लेखक ने किस प्रसंग में कहा है कि बंदरिया मनुष्य का आदर्श नहीं बन सकती? लेखक का अभिप्राय स्पष्ट करें।

### 'नागरी लिपि'

1. देवनागरी लिपि में कौन-कौन सी भाषाएँ लिखी जाती हैं?
2. नागरी को देवनागरी क्यों कहते हैं? नागरी की उत्पत्ति के संबंध में लेखक का क्या कहना है? पटना से नागरी का क्या संबंध है?

### 'बहादुर'

1. बहादुर के आने से लेखक के घर और परिवार के सदस्यों पर कैसा प्रभाव पड़ा?
2. बहादुर पर ही चोरी का आरोप क्यों लगाया जाता है और उस पर इस आरोप का क्या असर पड़ता है?
3. किन कारणों से बहादुर ने एक दिन लेखक का घर छोड़ दिया।

### 'परंपरा का मूल्यांकन'

1. 'परंपरा का मूल्यांकन' निबंध का समापन करते हुए लेखक कैसा स्वप्न देखता है? उसे साकार करने में परंपरा की क्या भूमिका हो सकती है?
2. बहुजातीय राष्ट्र की हैसियत से कोई भी देश भारत का मुकाबला क्यों नहीं कर सकता?
3. साहित्य मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन से संबद्ध है। आर्थिक जीवन के अलावा मनुष्य एक प्राणी के रूप में भी जीवन बिताता है। साहित्य में उसकी बहुत-सी आदिम भावनाएँ प्रतिफलित होती हैं जो उसे प्राणिमात्र से जोड़ती हैं। इस बात को बार-बार कहने में कोई हानि नहीं है कि साहित्य विचारधारा मात्र नहीं है। उसमें मनुष्य का इन्द्रिय-बोध, उसकी भावनाएँ भी व्यंजित होती है। साहित्य का यह पक्ष अपेक्षाकृत ज्यादा स्थायी होता है—गद्यांश का आशय क्या है?

### 'जित-जित मैं निरखत हूँ'

1. रश्मि वाजपेयी द्वारा प्रदत्त वर्णन के आधार पर बिरजू महाराज की कला के बारे में रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

2. बिरजू महाराज के जीवन में सबसे दुखद समय कब आया? इससे संबंधित प्रसंग का वर्णन कीजिए।

### 'आविन्यों'

1. 'आविन्यों' में लेखक ने क्या देखा क्या पाया? वर्णन करें। सारांश लिखें।
2. आविन्यो में प्रत्येक वर्ष कब और कैसा समारोह हुआ करता है?

### 'नौबतखाने में इबादत'

1. एक कलाकार के रूप में बिस्मिल्ला खाँ का परिचय 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर दें।

### 'शिक्षा और संस्कृति'

1. गाँधीजी बढ़िया शिक्षा किसे कहते हैं?

## पद्य–खंड

### 'राम नाम बिनु बिरथे'....

1. 'राम नाम बिनु बिरथे जगि जनमा' पद का मुख्य भाव या सारांश लिखिए।
   अथवा, 'गुरु नानक इस संसार से मुक्ति का सहज उपाय क्या बताते हैं?
2. ''जो नर दुख में दुख नहीं मानै'' कविता का भावार्थ लिखें।

### 'प्रेम अयनि श्री राधिका'....

1. रसखान ने माली–मालिन किन्हें और क्यों कहा है?
2. रसखान रचित सवैये का भावार्थ अपने शब्दों में लिखें।
3. कृष्ण को चोर क्यों कहा गया है? कवि का अभिप्राय स्पष्ट करें।
4. निम्न पंक्तियों की प्रसंग व्याख्या करें–

   या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर की तजि डारौं।<br>
   आठहूँ सिद्धि नवोनिधि को सुख नन्द की गाइ चराई बिसारौं।।<br>
   रसखानि कवौं इन आँखिन सौं ब्रज के बनबाग तड़ाग निहारौं।<br>
   कोटिक रौ कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं।।

### अति सूधो सनेह को मारग है .........

1. कवि ने प्रेम–मार्ग को 'अति सूधो' क्यों कहा है? इस मार्ग की विशेषता क्या है?
2. अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेकु सयानप बाँक नहीं।<br>
   तहाँ साँचे चलैं तजि आपनपौ झझुकैं कपटी जे निसाँक नहीं।।<br>
   'घनआनँद' प्यारे सुजान सुनौ यहाँ एक तैं दूसरौ आँक नहीं।<br>
   तुम कौन धौं पाटी पढ़े हौ कहौ मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं।।

   इस पद्यांश का सारांश या व्याख्या करें।

### 'स्वदेशी'

1. नेताओं के बारे में कविवर 'प्रेमघन' की क्या राय है?
2. 'स्वदेशी' कविता के सन्देश या मूल भाव पर प्रकाश डालिए।
3. जिनसों सम्हल सकत नहिं तन की, धोती ढीली–ढाली।<br>
   देस प्रबंध करिहिंगे वे यह, कैसी खाम खयाली।।

   इस गद्यांश में कौन–सा भाव स्पष्ट होता है?

## 'भारतमाता'

1. 'भारतमाता' कविता में कवि भारतवासियों का कैसा चित्र खींचता है?
2. कवि की दृष्टि में समय का घर्घर-नाद क्या है? स्पष्ट करें।
3. भारतमाता ग्रामवासिनी
   खेतों में फैला है श्यामल
   धूल-भरा, मैला-सा आँचल,
   गंगा-यमुना में आँसू-जल
   मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी!
   प्रस्तुत पद्यांश का भावार्थ लिखें।
4. दैन्य जड़ित अपलक नत चितवन,
   अधरों में चिर नीरव रोदन,
   युग-युग के तम से विषण्ण मन
   वह अपने घर में प्रवासिनी!
   पद्यांश का अर्थ स्पष्ट करें।
5. सफल आज उसका तप संयम,
   पिला अहिंसा स्तन्य सुधोपम,
   हरती जन-मन-भय, भव-तम-भ्रम,
   जग-जननी
   जीवन-विकासिनी!
   पद्यावतरण का भावार्थ लिखें। अथवा, आज भारतमाता का तप, संयम क्यों सफल है?
6. स्वर्ण शस्य पर-पद-तल लुंठित,
   धरती-सा सहिष्णु मन कुंठित।
   —सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

## 'जनतंत्र का जन्म'

1. 'जनतंत्र का जन्म' कविता का सारांश लिखिए।
   अथवा, 'जनतंत्र का जन्म' कविता में कवि ने जनता की स्थिति और उसकी शक्ति का अहसास कराया है। कैसे?
2. हुंकारों से महलों की नींव उखड़ जाती,
   साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है;
   जनता की रोके राह, समय में ताव कहाँ?
   वह जिधर चाहती, काल उधर ही मुड़ता है।
   इस पद्यांश का भाव अपने शब्दों में लिखें।
3. सदि 'हुँकारों..........मुड़ता है' —सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
4. सदियों की ठंढी-बुझी राख सुगबुगा उठी,
   मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है;
   —सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

## 'एक वृक्ष की हत्या'

1. 'एक वृक्ष की हत्या' कविता का भावार्थ एवं संदेश लिखें।
2. 'एक वृक्ष की हत्या' की प्रासंगिकता पर विचार करते हुए टिप्पणी लिखें।

3. दरअसल शुरू से ही था हमारे अन्देशों में
कहीं एक जानी दुश्मन
कि घर को बचाना है लुटेरों से
शहर को बचाना है नादिरों से
देश को बचाना है देश के दुश्मनों से
उपर्युक्त पद्यांश के आधार पर व्याख्या करें कि कवि घर, शहर और देश को किन-किन से बचाने के लिए चिंतित है? कवि को ऐसा क्यों लगता है कि घर, शहर और देश लुटने को है?

4. कवियित्री के अनुसार बेटे को आँसू कब आता है और क्यों?
धूप में बारिस में
गर्मी में सर्दी में
हमेशा चौकन्ना
अपनी खाकी वर्दी में
दूर से ही ललकारता, कौन?
मैं जवाब देता, ''दोस्त''।
पद्यांश का भाव अपने शब्दों में लिखें।

5. बचाना है—जंगल को मरुस्थल हो जाने से,
बचाना है—मनुष्य को जंगल हो जाने से।
प्रस्तुत अवतरण का भाव स्पष्ट करते हुए कवि की अन्तर्व्यथा का उल्लेख कीजिए।

## 'हमारी नींद'

1. 'हमारी नींद' कविता में कवि वीरेन डंगवाल के तथ्य को स्पष्ट कीजिए।
अथवा, 'हमारी नींद' में कवि ने विभिन्न चित्रों के माध्यम से जीवन संघर्ष की महत्ता प्रतिपादित की है। कैसे?
2. हमारी नींद शीर्षक कविता की सार्थकता बताएँ। कविता का संदेश क्या है?
3. गरीब बस्तियों में भी
धमाके से हुआ देवी जागरण
लाउडस्पीकर पर।
प्रस्तुत काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

4. और लोग भी हैं, कई लोग हैं
अभी भी
जो भूले नहीं करना
साफ और मजबूत
इनकार।
प्रस्तुत पद्यांश में कवि के कथ्य को स्पष्ट कीजिए।

## 'अक्षर-ज्ञान'

1. 'अक्षर-ज्ञान' कविता किस तरह सांत्वना देती और आशा जगाती है? विचार करें।
2. माँ-बेटे सधते नहीं उससे
और उन्हें लिख लेने की
अनवरत कोशिश में

इसके आ जाते हैं आँसू।
पहली विफलता पर छलके ये आँसू ही
हैं शायद प्रथमाक्षर
सृष्टि की विकास-कथा के।

पद्यांश की भावार्थ या संदेश लिखिए।

3. कवि जीवनानंद दास किस तरह के बंगाल में एक दिन लौटकर आने की बात करते हैं?

### 'मेरे बिन तुम प्रभु'

1. जब मेरा अस्तित्व न रहेगा, प्रभु तब तुम क्या करोगे?
जब मैं—तुम्हारा जलपात्र, टूटकर बिखर जाऊँगा?
जब मैं तुम्हारी मदिरा सूख जाऊँगा या स्वादहीन हो जाऊँगा?
मैं तुम्हारा वेश हूँ, तुम्हारी वृत्ति हूँ
मुझे खोकर तुम अपना अर्थ खो बैठोगे।

इस पद्यांश का भाव स्पष्ट करें।

## वर्णिका (पूरक पाठ)

### दही वाली मंगम्मा

1. दही वाली मंगम्मा के कथा-वाचक कौन है? उसका परिचय दीजिए।
2. मंगम्मा का चरित्र-चित्रण कीजिए।
3. मंगम्मा का अपनी बहू के साथ किस बात को लेकर विवाद था?
4. रंगप्पा कौन था और वह मंगम्मा से क्या चाहता था?
5. मंगम्मा की बहू ने सास को मनाने के लिए कौन-सा तरीका अपनाया?

### ढहते विश्वास

1. 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी की सार्थकता पर विचार करें।
2. लक्ष्मी के व्यक्तित्व पर विचार करें।
   अथवा, लक्ष्मी का चरित्र-चित्रण करें।
3. लक्ष्मी कौन थी? उसकी पारिवारिक स्थिति का चित्र प्रस्तुत कीजिए।
4. 'ढहते विश्वास' कहानी के आधार पर प्रमाणित करें कि उड़ीसा का जन-जीवन बाढ़ और सूखा से काफी प्रभावित रहा है।
5. कहानी में आए बाढ़ के दृश्यों का चित्रण अपने शब्दों में प्रस्तुत करें।

### माँ

1. कुसुम के पागलपन में सुधार देख मंगु के प्रति माँ, परिवार और समाज की प्रतिक्रिया को अपने शब्दों में लिखें।
2. माँ कहानी के आधार पर माँ की ममता का वर्णन करें।
3. 'माँ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार करें।
4. मंगु के प्रति माँ और परिवार के अन्य सदस्यों के व्यवहार में जो फर्क है, उसे अपने शब्दों में लिखें।
5. माँ मंगु को अस्पताल में क्यों नहीं भर्ती कराना चाहती? विचार करें।

## नगर

1. वल्लि अम्माल का चरित्र-चित्रण करें।
2. कहानीकार ने कहानी का शीर्षक 'नगर' क्यों रखा है? शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करें।
3. पाप्पाति कौन थी और वह शहर क्यों लाई गई थी?

## धरती कब तक घूमेगी

1. 'धरती कब तक घूमेगी' कहानी की सार्थकता स्पष्ट करें।
2. सीता अपने ही घर में क्यों घुटन महसूस करती है?
3. पाली बदलने पर अपने घर दादी माँ के खाने को लेकर बच्चे खुश होते हैं, जबकि उनके माता-पिता नाखुश। बच्चों की खुशी और माता-पिता की नाखुशी के कारणों पर विचार करें।
4. सप्रसंग व्याख्या करें–

   इस समय उसकी आँखों के आगे न तो अंधेरा था और न ही उसे धरती और आकाश के बीच घुटन महसूस हुई।

★★★